BRAMPTON

Media Release

तुरंत रिलीज के लिए

# ब्रैम्पटन, रिमेम्बर्स डे 2020 ऑनलाइन मनाएगा

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (27 अक्तूबर, 2020) – कोविड-19 (COVID-19) को फैलने से रोकने के लिए, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, रॉयल कैनेडियन लीजन (Royal Canadian Legion) की ब्रांच 15 और 609 के साथ, 11 नवंबर को रिमेम्बर्स डे 2020 (Remembrance Day 2020) ऑनलाइन मनाएगी।

ब्रैम्पटन में युद्ध के सेवानिवृत्त सैनिकों (Veterans of War) के साथ ही उन्हें, जिन्होंने अंतिम कुर्बानी की, सिटी के *ब्रैम्पटन रिमेम्बर्स (Brampton Remembers)* वेबपेज पर सम्मानित किया जाएगा, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन की सभी फैसिलिटीज पर झंडे आधे-झुके हुए होंगे।

वेबपेज को, 11 नवंबर को सुबह 10:55 बजे लाइव किया जाएगा, जिसमें मूमेंट ऑफ साइलेंस (Moment of Silence) और प्लेसिंग ऑफ रेथ्स (Placing of Wreaths) सहित, आभासी (वर्चुअल) सेवा और ब्रैम्पटन के सेवानिवृत्त सैनिकों के वीडियो संदेश पेश किए जाएंगे, जिनमें वे बताते हैं कि रिमेम्बर्स डे का उनके लिए क्या अर्थ है।

ब्रैम्पटन में युद्ध के सेवानिवृत्त सैनिकों को श्रद्धांजलि देने के लिए, सिटी, डाउनटाउन ब्रैम्पटन में मेन (Main Street) और क्वीन स्ट्रीट (Queen Street) के साथ-साथ बैनर लगाएगी।

**पॉपी कैम्पेन की शुरुआत – 30 अक्तूबर**

रॉयल कैनेडियन लीजन पॉपी कैम्पेन (Royal Canadian Legion Poppy Campaign) की शुरुआत 30 अक्तूबर को होगी और यह 11 नवंबर तक चलेगा। इस अभियान से प्राप्त फंड, सीधे कैनेडा के सेवा अधीन और रिटायर हो चुके सेवानिवृत्त सैनिकों और उनके परिवारों की मदद करता है और यह सुनिश्चित करता है कि कैनेडा के निवासी कभी भी उनकी सेवा के असाधारण प्रयासों को न भूलें। निवासी और आगंतुक (विजीटर्स), ब्रैम्पटन में भिन्न कारोबारी जगहों पर पॉपी के बदले में, पॉपी कैम्पेन (Poppy Campaign) में दान कर सकते हैं।

**हवाले**

"हालांकि हम कोविड-19 के कारण इस वर्ष रिमेम्बर्स डे मनाने के लिए व्यक्तिगत तौर पर एकत्र नहीं हो सकते, इसलिए हमारा ब्रैम्पटन रिमेम्बर्स वेबपेज सभी को, 11 नवंबर को हमारे युद्ध के सेवानिवृत्त सैनिकों के साथ ही उन्हें, जिन्होंने अंतिम कुर्बानी की, को सम्मानित करने का अवसर प्रदान करता है। इसे भुलाया नहीं जा सकता।"

- *पैट्रिक ब्राउन (Patrick Brown), मेयर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

"सिटी के स्टाफ ने रॉयल कैनेडियन लीजन की ब्रांच 15 और 609 के साथ रिमेम्बर्स डे के सम्मान में एक खास ऑनलाइन स्पेस तैयार किया है। यह एक महत्वपूर्ण समारोह है और हर कोई ब्रैम्पटन रिमेम्बर्स वेबपेज पर जाकर इस तक पहुंच प्राप्त कर सकता है।"

- *डेविड बैरिक (David Barrick), चीफ एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

"रॉयल कैनेडियन लीजन, ब्रैम्पटन के मेजर विलियम ड्वाइट शार्प ब्रांच 15 के प्रेजिडेंट के तौर पर, मुझे 2020 वर्चुअल रिमेम्बर्स डे सर्विस में हिस्सा लेने पर गर्व है। रिमेम्बर्स डे को 100 वर्ष पहले, ब्रैम्पटन के प्रमुख नागरिकों में से एक, टाउन काउंसलर और ग्रेट वार वेटर्न्स एसोसिएशन (जिसका नाम बाद में लीजन रखा गया) के डोमिनियन प्रेजिडेंट द्वारा शुरू किया गया था। वे मेजर विलियम डी. शार्प थे। वे 1920 में ब्रैम्पटन में पहला रिमेम्बर्स डे शुरू करने में सहायक रहे थे और अब उनके नाम पर एक स्ट्रीट का नाम रखा गया है। तब से ही, टेक्नोलॉजी के साथ, हमने कार्यक्रमों की अवॉर्ड विजेता सीरीज में ब्रैम्पटन रिमेम्बर्स प्रोग्राम का विस्तार किया है, जिन्हें अब हम सालाना तौर पर आयोजित करते हैं। मेरे ख्याल में मेजर शार्प को इस पर जरूर गर्व होता।"

- *ब्रायन कैपन (Brian Capon), प्रेजिडेंट, मेजर विलियम ड्वाइट शार्प ब्रांच 15, रॉयल कैनेडियन लीजन, ब्रैम्पटन*

"इस वर्ष दुबारा, हमने रिमेम्बर्स डे मनाने के लिए, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन के साथ साझेदारी की है। यह इस वर्ष अलग होगा क्योंकि सर्विस ऑफ रिमेम्बर्स ऑनलाइन मनाया जाएगा। हम उन सभी को सम्मानित करते हैं, जिन्होंने हमारी आजादी को बनाए रखने के लिए खुद को खतरे में डाला और उनकी सेवा और कुर्बानी के लिए उनका धन्यवाद करते हैं। 11 नवंबर को सुबह 10:55 बजे ब्रैम्पटन रिमेम्बर्स वेबपेज पर जरूर जाएं।"

- *जूडी-ऐन टेलर (Judy-Ann Taylor), प्रेजिडेंट, रॉयल कैनेडियन लीजन ब्रांच 609*

-30-

**कैनेडा में सबसे अधिक तेजी से बढ़ने वाले शहरों में से एक के तौर पर, ब्रैम्पटन 650,000 लोगों और 70,000 कारोबारियों का घर है।** हम जो भी करते हैं, लोगों को ध्यान में रखते हुए करते हैं। हम अपने विविध समुदायों से उत्साहित होते हैं, हम निवेश को आकर्षित करते हैं और हम तकनीक और वातावरण संबंधी नवीनता को आगे बढ़ाने के सफर पर हैं। हम एक ऐसा स्वस्थ शहर बनाने में प्रगति के लिए सहभागिता करते हैं, जो सुरक्षित, स्थिर व सफल हो। हमारे साथ Twitter, Facebook, और Instagram पर जुड़ें। www.brampton.ca पर और जानें।

**मीडिया संपर्क**
मोनिका दुग्गल (Monika Duggal)
कोआर्डिनेटर, मीडिया एंड कम्युनिटी एन्गेजमेंट
स्ट्रैटजिक कम्युनिकेशन
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन
905-874-3426 | Monika.Duggal@brampton.ca